# कबाड़ कपड़ा मिलों पर बड़े उद्योग लगेंगे: नन्दी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश के औद्योगिक विकास विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा है कि बंद और कबाड़ हो चुकी टेक्सटाइल मिलों की जगह पर नई फैक्ट्रियां और उद्योग धंधे लगाए जाएंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद ली है। जिसके जरिये बंद पड़ी और फंसी हुई टेक्सटाइल मिल की जमीनें मुक्त कराकर नए उद्योगों के लिए उद्यमियों को दी जाएंगी।

मंगलवार को औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा बैठक में नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने यह निर्देश दिए। तीसरे ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों की समीक्षा भी की।

## प्रभावित उद्योगों को मिल सकती है राहत

मंत्री नन्दी ने बताया कि टैबलेट और मोबाइल स्कीम पर 4800 करोड़ रुपये बजट की जरूरत है। कोरोना काल में जिन उद्योगों का नुकसान हुआ, जिसमें करीब व समय सीमा के अंतर्गत कार्य प्रारम्भ-पूर्ण नहीं कर पाए, उन्हें राहत देने पर विचार किया जाएगा।